हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 16 जून 2025
[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]


















संकलनकर्ता- हेम कुमार साहू (संवाददाता), पलारी, मो- 9617056240

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 16 जून 2025

16 भटगांव में लगा महा रक्तदान शिविर



16 मां महामाया देवी की प्राण प्रतिष्ठा, मंत्री टंकराम...





CAN'T HIDE THAT'S PRIDE
शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार
प्रवेश प्रारम्भ
के.जी.1 से 12वीं
(साईन्स, आर्ट्स, कामर्स, कृषि विज्ञान)
अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम
शाश्वत में आइये और टॉपर बन जाइये...



लुभी साहू
कक्षा 12वीं
97%
छत्तीसगढ़ टॉप टेन में 4था स्थान प्राप्त करने पर बहुत-बहुत बधाई

| सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन | |
|---|---|
| भौतिक शास्त्र | 100 अंक |
| जीवविज्ञान | 100 अंक |
| रसायन शास्त्र | 97 अंक |
| हिन्दी | 96 अंक |
| अंग्रेजी | 92 अंक |



प्रिंसी वर्मा 97% सतीश रॉय 96.3% वसुंधरा 96.1% तुषार 95.3% तनु साहू 94.6% हिमानी 94.5% मानसी कुर्रे 93%
अनीषा ध्रुव 92% सायरा चतुर्वेदी 91.8% कृषिका फेकर 91% पायल साहू 91% वंदना देवांगन 90.8% कनिष्का यादव 90.8% माही सोनी 90.3%

निःशुल्क वाहन सुविधा - लोकल बलौदाबाजार, लटुवा, रिसदा, कुकुर्दी, बम्हनमुड़ी
संपर्क : 9111002360, 9111002362, 6268089459

## खबर संक्षेप



### 16 जून से बारनवापारा अभयारण्य पर्यटकों के लिये रहेगा बंद

**बलौदाबाजार**। बारनवापारा अभयारण्य 16 जून 2025 से आगामी पर्यटक सीजन अक्टूबर 2025 तक प्रतिवर्ष के भॉति अभ्यारण्य प्रबंधन हेतु पर्यटकों के लिये बंद रहेगा। गत वर्ष बारनवापारा अभयारण्य 15 अक्टूबर से पर्यटकों के लिए पुनः प्रारम्भ किया गया था। वनमंडल अधिकारी बलौदाबाजार गणवीर धम्मशील ने बताया कि आगामी सीजन में बारनवापारा प्रबंधन द्वारा सभी सफारी गेट में पर्याप्त वाहन उपलब्ध कराने के लिए आस - पास के बेरोज़गार युवाओं क़ो ऋण के माध्यम से सफारी वाहन जल्द ही उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही पर्यटकों के लिए अन्य सुविधाओं का विस्तार भी किया जाएगा।
विशेष आकर्षण लेपर्ड सफारी - बारनवापारा अभयारण्य पर्यटकों के लिए लेपर्ड सफारी हेतु विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

### एडीईओ भर्ती परीक्षा में हुए सम्मिलित 5491 अभ्यर्थी



**बलौदाबाजार**। व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ ) भर्ती परीक्षा 15 जून 2025 क़ो जिले में सम्पन्न हुई। भर्ती परीक्षा हेतु जिले में कुल 26 केंद्र बनाए गये थे जिसमें 5491 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि 2415 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर ने बताया कि एडीईओ भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन प्रथम पाली में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12 :15 बजे तक किया गया। परीक्षा के लिए कुल 7906 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था। परीक्षा एक ही पाली में आयोजित था जो शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई।

### जनजातीय बाहुल्य गांवों में 'धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान' शुरू



बलौदाबाजार। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार जनजातीय बाहुल्य गांव में सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत जिले के 46 जनजातीय बाहुल्य गांवों में विशेष शिविर का आयोजन 15 जून से प्रारम्भ किया गया है।
विशेष शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों की मौजूदगी में पात्र लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार विशेष शिविर की निगरानी के लिए विकासखंड स्तर पर मॉनिटरिंग कमिटी का गठन किया गया है। इसके साथ ही निरीक्षण हेतु तिथि व ग्राम का भी निर्धारण किया गया है।

# भटगांव बना विकास का नया मॉडल, 9 महीनों में दर्ज की ऐतिहासिक उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

■ पेयजल से लेकर स्वच्छता तक, भटगांव में दिखा बदलाव

जिले के कलेक्टर डॉ कन्नौजे के निर्देशन एवं एसडीम वर्षा बंसल के मार्गदर्शन में नगर पंचायत भटगांव के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेश सिंह ने अपनी टीम के साथ मिलकर नगर को विकास की नई दिशा दी है। जहां पिछले 9 महीनों में नगर के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ का पहला अटल परिसर और एक आधुनिक स्टेडियम बनवाए, साथ ही भटगांव को टैंकर मुक्त बनाने में सफलता प्राप्त की।

स्वच्छता और पेयजल प्रबंधन में उनकी पहल से नगरवासियों का जीवन बेहतर हुआ है। । वे भटगांव को शैक्षणिक केंद्र बनाने का सपना देखते हैं। यह उपलब्धियां कलेक्टर के निर्देशन और जिला प्रशासन की टीम के सहयोग से संभव हुई हैं, जिसमें मुख्य भूमिका नगर पालिका अधिकारी की रही। जहां उन्होंने पिछले 9 महीनों के कार्यकाल में भटगांव को एक आदर्श नगरीय निकाय बनाने के लिए अनेक उल्लेखनीय पहल की हैं। छत्तीसगढ़ का पहला अटल परिसर और एक गौरवशाली स्टेडियम का निर्माण, उनकी प्रशासनिक दूरदर्शिता और नवाचार को दर्शाता है।

### टैंकर मुक्त हुआ भटगांव

स्वच्छता के क्षेत्र में उन्होंने व्यक्तिगत पहल करते हुए आम नागरिकों को कचरा न फैलाने की अपिल की है, जिससे अब नगर पंचायत भटगांव के नागरिक स्वच्छता में सहयोगी बन चुके हैं। वही भटगांव को टैंकर मुक्त बनाना एक उपलब्धि है। इसके लिए उन्होंने पेयजल प्रबंधन को सशक्त बनाया और शहर में पर्याप्त जल वितरण सुनिश्चित किया।

## अटल परिसर से लेकर स्टेडियम तक, विकास की नई इबारत

### अंतिम व्यक्ति की सेवा सर्वोपरि



कलेक्टर की यह सोच "अंत्योदय" के भाव को दर्शाती है—जिसमें अंतिम व्यक्ति की सेवा सर्वोपरि होती है। भविष्य में नगर भटगांव को शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित करना चाहते हैं। उनका कहना है कि नगर पंचायतों को भी लाइब्रेरी और शैक्षणिक संसाधन मिलने चाहिए, ताकि छोटे नगरों के बच्चे भी अवसर की दौड़ में पीछे न रहें। डॉक्टर संजय कन्नौजे कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कुशल नेतृत्व में नगर पंचायत अधिकारी भूपेश सिंह नगर भटगांव के विकास को लेकर हमेशा तत्पर रहे हैं ।

### जन संवाद से सुलभता

वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी की कार्यशैली की विशेषता है जन संवाद और सुलभता। वे स्वयं फील्ड में जाकर नागरिकों की समस्याएँ सुनते हैं और समाधान सुनिश्चित करते हैं। उनका मानना है कि "जब तक हम खुद आम नागरिक से नहीं जुड़ेंगे, तब तक असली समस्याओं की समझ नहीं आ सकती। वे मानते हैं कि एक सीएमओ को आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति के बारे में सोचना चाहिए, क्योंकि वही वास्तव में जरूरतमंद होता है।

## बिजली संकट : 24 घंटे से बिजली बंद, पेयजल और पढ़ाई की व्यवस्था ठप

# 30 घंटे से बत्ती गुल, ग्रामीणों का जीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

सुहेला क्षेत्र के ग्रामीण लंबे समय से बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। बीते 24 घंटे से अधिक समय से बिजली पूरी तरह बंद है, जिससे ग्रामीणों को पेयजल, ऑनलाइन शिक्षा और घरेलू कार्यों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बिजली विभाग के अनुसार, क्षेत्र का ट्रांसफार्मर खराब हो गया है, जिसकी मरम्मत अब तक नहीं हो पाई है। यह स्थिति पहली बार नहीं है ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 5 से 6 महीनों से क्षेत्र में बार-बार बिजली गुल हो रही है, जिससे उनकी दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो गई है। गर्मी और उमस के कारण रातभर ग्रामीण सो नहीं पा रहे हैं। ऑनलाइन कोचिंग लेने वाले विद्यार्थी नेटवर्क और चार्जिंग की समस्या से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। वहीं, रात के अंधेरे और मच्छरों के प्रकोप से बुजुर्ग व बच्चे भी प्रभावित हैं।



### मिले मुआवजा सुधरे व्यवस्था

ग्रामीणों ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम का हवाला देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर खराब होने की स्थिति में 24 घंटे के भीतर मरम्मत हो जानी चाहिए। तय समय सीमा से ज्यादा देरी होने पर प्रत्येक उपभोक्ता को 25 प्रतिदिन मुआवजा देने का प्रावधान है। चूंकि समस्या 30 घंटे से अधिक हो गए हैं, ग्रामीणों ने विभाग से मुआवजा देने और समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है।




### पानी और राशन व्यवस्था चरमराई

बिजली बंद होने से हैंडपंप और पानी की मोटरें काम नहीं कर रही हैं, जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए दूर-दराज भटकना पड़ रहा है। राशन वितरण केंद्रों में बिजली के अभाव में मशीन चार्ज नहीं हो पा रही, जिसके चलते ग्रामीणों को बार-बार केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

### मंत्री टंकाराम वर्मा से की अपील

यह क्षेत्र विधायक और मंत्री टंकाराम वर्मा के कार्यक्षेत्र में आता है। ग्रामीणों ने मंत्री जी से इस मुद्दे पर तत्काल ध्यान देने की अपील की है और कहा है कि बोर्ड परीक्षा के समय भी बिजली की यही समस्या थी, पर आज तक इसका स्थायी समाधान नहीं निकला गया है।

### मौसम साफ है, तब लाइट होना चाहिएः ग्रामीण

ग्रामीण महिला रेणु ने बताया सोसाइटी 3 महीने का चावल लेने 3 तीन दिन हो गए आते लाइन बंद से वापस जाना पड़ता है 3से 4 महीने हो गए लाइन की परेशानी हो रही है बच्चो को पढ़ने में, गृहिणी को खाना बनाने में परेशानी होती है बिजली बिल सही समय में देते हैं तो लाइट भी मिलनी चाहिए मौसम साफ है लाइट होना चाहिए। क्षेत्र के विधायक एवं केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने फोन पर बताया कि क्षेत्र में बिजली की समस्या पर बात करता हूं।

## शराब पीकर वाहन चलाने पर 8 वाहन जब्त



■ एसपी भावना गुप्ता के निर्देशन में चलाया गया जिला स्तरीय चेकिंग अभियान

**बलौदाबाजार**। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग कर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 14 जुन को जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है।

इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 08 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है। उक्त जप्त सभी 08 वाहनों को ▶▶ शेष पेज 16 पर

## कांग्रेस ने किया ईडी का पुतला दहन



**बलौदाबाजार** । छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे के नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा भाजपा सरकार के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जिला मुख्यालय सुकमा स्थित राजीव भवन को अटैच किए जाने की कार्यवाही को अवैधानिक करार देते हुए भाजपा सरकार एवं प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भाजपा सरकार एवम प्रवर्तन निदेशालय का पुतला दहन किया। उक्त अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी, परमेश्वर यदु, ▶▶ शेष पेज 16 पर

## आज से विप्र वाटिका में लगेगा एक्युप्रेशर-सुजोक वाईब्रेशन एवं चुम्बकीय शिविर

■ 6 दिवसीय शिविर में जोधपुर राजस्थान से पहुंचे डॉक्टर करेंगे ईलाज

**बलौदाबाजार** । सर्व ब्राह्मण समाज बलौदा बाजार के तत्वाधान में 6 दिवसीय एक्युप्रेशर/सुजोक वाईब्रेशन एवं चुम्बकीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को श्याम कुमार शुक्ला अध्यक्ष (सर्व ब्राह्मण समाज), सुशील तिवारी, वी.डी. दीवान, नरेंद्र शुक्ला, राजकुमार तिवारी, राजीव लोशन शुक्ला, शिव नरेश शुक्ला, रिचा द्विवेदी, नितेश शर्मा और अन्य समाज के वरिष्ठ लोगों के सानिध्य में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में समाज की पथप्रदर्शिका, कमला अशोक तिवारी होंगी जिनके करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर इस चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया जायेगा। इस शिविर में एक्युप्रेशर रिसर्च ट्रेनिंग व ट्रीटमेंट संस्थान, जोधपुर राजस्थान के विशेषज्ञों द्वारा ईलाज किया जाएगा। शिविर में जोधपुर राजस्थान से डॉ वीआर चौधरी व डीआर जाखड़ विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

## पीड़ित पर आरोपी ने किया फावड़े से वार शिकायत के बाद आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

प्रार्थिया वैष्णवी पुरैना ने 14 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने पति दिलहरण पुरेना के साथ 13 जून को अपने मायके पलारी वार्ड क्रमांक 08 में शासकीय दुकान से चावल लेने आई थी। प्रार्थिया के माता-पिता का पहले से स्वर्गवास हो चुका है, जिनके मकान में आरोपी चाचा धुरेंद्र धृतलहरे एवं चाची रहते हैं, जिनके साथ पैतृक



मकान का वाद-विवाद चल रहा है। प्रार्थिया ने बताया कि शाम करीबन 04:00 बजे पति दिलहरण पुरैना आरोपी चाचा धुरेंद्र धृतलहरे के घर गए थे। इस दौरान आरोपी धुरेंद्र धृतलहरे एवं उसकी पत्नी ▶▶ शेष पेज 16 पर

### पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकारा अपराध

जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा पूर्व में चले आ रहे पैतृक मकान विवाद को लेकर अपनी पत्नी के साथ मिलकर प्रार्थिया के पति दिलहरण पुरेना के साथ लोहे के फावडा एवं हांथ मुक्का आदि से मारपीट कर उसे गंभीर चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया है। प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 14.06.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में एक आरोपी फरार है जिसकी सरगर्मी से पतातलाश जारी है। प्रकरण विवेचना में है।

## 11 साल की ऐतिहासिक प्रगति पर जोर

# मोदी के 11 वर्ष पूरे होने पर गूंजा विकसित भारत का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

■ बुडेरा में कार्यकर्ताओं ने किया केंद्र सरकार की योजनाओं का गुणगान, लिया जनसेवा का संकल्प

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा-नीत एनडीए सरकार के 11 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा देशभर में 'विकसित भारत का अमृतकाल - सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल' थीम के तहत उत्साहपूर्ण आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में खरोरा के ग्राम बुडेरा में आयोजित 'संकल्प से सिद्धि' कार्यशाला में भाजपा मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों का बखान किया और विकसित भारत के संकल्प को दोहराया।




जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल (मुख्य वक्ता)ने अपने संबोधन में कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी और सशक्त नेतृत्व में भारत ने बीते 11 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है। उनके मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' ने देश के हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर नागरिक को विकास की मुख्यधारा से जोड़कर एक साझा संकल्प की ओर अग्रसर किया है। **ये रहे उपस्थितः** कार्यशाला में भाजपा मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा, पूर्व मंडल ▶▶ शेष पेज 16 पर

### केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर डाला प्रकाश

उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तानी सरजमीं पर 9 आतंकवादी कैंप और 11 एयरबेस को ध्वस्त कर विश्व मंच पर भारत की सैन्य शक्ति का डंका बजाया है। "यह भारत के आत्मविश्वास और सामर्थ्य का प्रतीक है। पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने गरीबों, वंचितों और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अथक प्रयास किए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के माध्यम से करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है," अग्रवाल ने गर्व के साथ बताया। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार का विजन समावेशी विकास का है, जो सर्व समाज के कल्याण और समृद्धि पर केंद्रित है। "विकसित भारत का सपना अब केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक साझा संकल्प है, जिसे हम सभी मिलकर सिद्ध करेंगे," उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया।

## राजा भरथरी की जीवन गाथा पर आधारित लोकनाट्य का मंचन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति पर आधारित लोकगाथा भरथरी के नाट्य रूपांतरण का रंगारंग मंचन आज 16 जून, सोमवार को जिला ऑडिटोरियम, बलौदाबाजार में होगा। इस विशेष प्रस्तुति का आयोजन संस्था रंग सरोवर (बारखा), गरियाबंद द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम संध्या 7 बजे प्रारंभ होकर रात्रि 8.30 बजे तक चलेगा।

इस लोकनाट्य का आलेख, गीत, संगीत एवं निर्देशन भूपेन्द्र साहू द्वारा किया गया है। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निर्देशक भूपेन्द्र साहू ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध भरथरी गायन शैली को पहली बार मंच पर नाट्य शैली में प्रस्तुत किया जा रहा है, जो दर्शकों के लिए एक अनूठा अनुभव होगा। कार्यक्रम के मुख्य



अतिथि टंकराम वर्मा राजस्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक सोनी कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा करेंगे।

इस अवसर पर समन्वयक पद्मश्री डॉ. राधेश्याम बारले ने कला प्रेमियों और नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। कार्यक्रम का संयोजन पुष्करराज वर्मा, संयोजक, स्व. सोनचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों ने सभी नागरिकों से इस सांस्कृतिक संध्या में सहभागी बनकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह ▶▶ शेष पेज 16 पर













संकलनकर्ता- भानु प्रताप साहू, हरिभूमि संवाददाता, कसडोल मो.- 9584860177







संकलनकर्ता- हरालाल बर्वे, हरिभूमि संवाददाता, लवन मो.- 9179250793

## खबर संक्षेप

### भटगांव में लगा महा रक्तदान शिविर



**भटगांव** | 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर केशरवानी भवन भटगांव में महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरें स्वयं रक्तदान कर आमजनों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि रक्तदान करना न केवल मानव सेवा है, बल्कि यह कई ज़िंदगियों को बचाने का माध्यम भी बनता है। विधायक का यह पहल समाज में मानवता एवं स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति उनकी गंभीरता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
इस महा रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और नागरिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।

### गांव में पहली बार इतने बड़े आयोजन की खुशी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंजा माहौल

# मां महामाया देवी की प्राण प्रतिष्ठा, मंत्री टंकराम ने छात्राओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

दतान (खैरा) में मंत्री टंक राम वर्मा द्वारा उत्कृष्ट विधार्थी को सम्मानित ग्राम पंचायत दतान (खैरा) में मां महामाया देवी कि प्राण प्रतिष्ठा में महामहिम टंक राम वर्मा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, गौरीशंकर अग्रवाल पुर्व विधानसभा अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, संरपच, पंच, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष, सदस्य गांव के सभी लोगों के उपस्थिति में मां महामाया देवी कि स्थापना किया गया, गांव के सभी लोगों के लिए बड़ी खुशी का माहोल था। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय-दतान(ख) के छात्र एवं छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया दतान गांव में पहली बार इतना जनसमूह कभी नहीं था गांव के बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक मां शेरावाली महामाया देवी कि भक्ति में डूबे हुए थे। सभी उत्साहित एंव ख़ुशी से झूम रहें थे। मंत्री महोदय द्वारा हाईस्कूल, हायर सेकंडरी सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष -2025 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय - दतान(ख) विधालय स्तर में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान आने वाले छात्राओं को मोमोटो, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



**मां महामाया देवी कि प्राण प्रतिष्ठा पर दी बधाई**

सभी अतिथियों द्वारा गांव के सभी लोगों को मां महामाया देवी कि प्राण प्रतिष्ठा में बधाई एवं शुभकामनाएं दी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य चन्द्र कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक ने सभी अतिथियों का अभार व्यक्त किया अपनी किमती समय निकाल कर मां महामाया देवी कि प्राण प्रतिष्ठा में आये गांव के निवासियों कि तरफ से धन्यवाद दिया प्राचार्य द्वारा मां महामाया देवी कि जयकारे से मंच में खुशी कि लहर फैल गई।

#### छात्राओं को किया सम्मानित

कक्षा 10वीं में प्रथम भावना साहू, द्वितीय चांदनी सेन, तृतीय प्रिया ध्रुव, कक्षा 12वीं में प्रथम भुनेश्वरी निषाद, द्वितीय संजना कुरे, तृतीय पुणिमा साहू को मुख्य अतिथि के सम्मानित होकर छात्राएं ख़ुशी से झूम उठे सम्मानित होने वाले सभी छात्राएं हैं। सरकार हमेशा बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देती है, उनमें सभी सफल हुए हैं। सभी अतिथियों को ग्राम पंचायत के संरपच चंदा देवी महिलांग द्वारा मां महामाया देवी का फोटो, साल, नारियल देकर सम्मानित किया गया।

## पेज 13 के शेष

### शराब पीकर वाहन...

विधिवत कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के ऊपर सख़्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमो का पालन करें किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलावे।

### कांग्रेस ने किया...

कालिंदी वर्मा, लखेश साहू, सुकदेव साहू, वैभव केसरवानी, दिवाकर मिश्रा, दिलीप सोनी, यशवंत वर्मा, अर्जुन सेन, प्रवीण सेन, सूर्यकांत वर्मा, जय सिंह ठाकुर, आयुष भतपहरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### पीड़ित पर आरोपी ...

द्वारा जान से मारने की नीयत से पति दिलहरण के साथ लोहे के फावडा से सिर में वारकर गंभीर चोंट पहुंचाई गई है तथा हाथ मुक्का आदि से मारपीट करने से सिर, गले, कान आदि में भी गंभीर चोट आई है। मारपीट करने पश्चात दोनों आरोपी वहां से फरार हो गए। पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई: प्रार्थिया की शिकायत पर थाना पलारी में अपराध क्रमांक 201/2025 धारा 109,3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चाचा धुरेंद्र धृतलहरे को हिरासत में लिया गया।

### मोदी के 11 ...

अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, वरिष्ठ कार्यकर्ता राजीव अग्रवाल, दुलेश साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन, पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी, सरपंच भरत साहू, प्रेम गिलहरे, बिसौहा देवांगन, छगन यादव ,विकाश ठाकुर, पार्षद पंचराम यादव, जयप्रकाश वर्मा ,तामेश्वर मरकाम, अध्यक्ष महिला मोर्चा पुर्णिमा धनकर, दीपक धनकर, परस नायक, भोला यादव, श्रावण भोई, सत्या मांडले सहित सभी बूथों के अध्यक्ष और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

### राजा भरथरी की...

किया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ये गणमान्यजन आकांक्षा गोलू जायसवाल, अध्यक्ष जिला पंचायत, आनंद यादव जिलाध्यक्ष भाजपा, प्रमोद शर्मा पूर्व विधायक, सुलोचना यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत, अशोक जैन अध्यक्ष नगरपालिका परिषद, डॉ. सनम जांगड़े पूर्व विधायक बिलाईगढ़, विजय केशरवानी उपाध्यक्ष भारत स्काउट गाइड उपस्थित रहेंगे।

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**ईश्तहार / उद्घोषणा**

रा.प्र.क्रं. अ/2 वर्ष 2024-25 ग्राम भिनोदा तहसील सरसींवा जिला- सारंगढ़- बिलाईगढ़ (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि, ग्राम भिनोदा तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी के लिये व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि का व्यपवर्तन आवेदक सालिकराम पिता नारायण जाति सतनामी साकिन सेमरिया तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा भूमि औद्योगिक प्रयोजन के किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 30/05/2025 के भीतर अधोस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची -**

भूमि खसरा नंबर 455/1 रकबा क्रमशः 0.223 हे. पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 15.05.2025 को जारी किया गया है।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**ईश्तहार / उद्घोषणा**

रा.प्र.क्रं. अ/2 वर्ष 2024-25 ग्राम सेमरिया तहसील सरसींवा जिला- सारंगढ़- बिलाईगढ़ (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि, ग्राम सेमरिया तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी के लिये व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि का व्यपवर्तन आवेदक सालिकराम पिता नारायण जाति सतनामी साकिन सेमरिया तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा भूमि औद्योगिक प्रयोजन के किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 30/05/2025 के भीतर अधोस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची -**

भूमि खसरा नंबर 35/1, 35/2 रकबा क्रमशः 0.095, 0.192 हे. पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 15.05.2025 को जारी किया गया है।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**ईश्तहार / उद्घोषणा**

रा.प्र.क्रं. अ/2 वर्ष 2024-25 ग्राम सेमरिया तहसील सरसींवा जिला- सारंगढ़- बिलाईगढ़ (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि, ग्राम सेमरिया तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी के लिये व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि का व्यपवर्तन आवेदक सालिकराम पिता नारायण जाति सतनामी साकिन सेमरिया तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा भूमि औद्योगिक प्रयोजन के किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 30/05/2025 के भीतर अधोस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची -**

भूमि खसरा नंबर 99 रकबा क्रमशः 0.219 हे. पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 15.05.2025 को जारी किया गया है।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**ईश्तहार / उद्घोषणा**

रा.प्र.क्रं. अ/2 वर्ष 2024-25 ग्राम सेमरिया तहसील सरसींवा जिला- सारंगढ़- बिलाईगढ़ (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि, ग्राम सेमरिया तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी के लिये व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि का व्यपवर्तन आवेदक सालिकराम पिता नारायण जाति सतनामी साकिन सेमरिया तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा भूमि औद्योगिक प्रयोजन के किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 30/05/2025 के भीतर अधोस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची -**

भूमि खसरा नंबर 82 रकबा क्रमशः 0.166 हे. पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 15.05.2025 को जारी किया गया है।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**ईश्तहार / उद्घोषणा**

रा.प्र.क्रं. अ/2 वर्ष 2024-25 ग्राम सेमरिया तहसील सरसींवा जिला- सारंगढ़- बिलाईगढ़ (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि, ग्राम सेमरिया तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी के लिये व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि का व्यपवर्तन आवेदक सालिकराम पिता नारायण जाति सतनामी साकिन सेमरिया तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा भूमि औद्योगिक प्रयोजन के किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 30/05/2025 के भीतर अधोस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची -**

भूमि खसरा नंबर 79/2 रकबा क्रमशः 0.214 हे. पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 15.05.2025 को जारी किया गया है।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़**

---

### 18 को तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ करेगा प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

**बलौदाबाजार** | छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 18 मई 2025 को प्रदेश कार्यालय रायपुर में लिए गए निर्णय अनुसार मांगों का ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन को भेज कर सूचित किया गया है कि दिनांक 18 जून 2025 के पूर्व महंगाई भत्ता सहित 13 सूत्रीय मांगों पर निर्णय नहीं लिए जाने की स्थिति में संघ द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी जिला मुख्यालय में 18 जून 2025 को भोजनावकाश में प्रदर्शन कर माननीय मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव महोदय के नाम कलेक्टरों को ज्ञापन सौपा जाएगा।





